**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 8 (क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि प्रयागराज व झांसी मण्डल के सभी जनपदों में कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं और कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अल्ट्रासाउण्ड किये जाने की व्यवस्था है ? | प्रयागराज मण्डल के जनपद प्रयागराज में कुल 23 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है जिनमें से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना, फूलपुर एवं कोरावं में पी0पी0पी0 मोड के अन्तर्गत अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध है। जनपद प्रतापगढ़ में 27 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है, जिनमें से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा, पट्टी एवं लालगंज में पी0पी0पी0 मोड पर अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध है। जनपद फतेहपुर में 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है एवं किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था नहीं है। जनपद कौशाम्बी में 08 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है, जिनमें से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिराथू में पी0पी0पी0 मोड पर अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध है। झाँसी मण्डल के जनपद झाँसी में 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है, जिसके सापेक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊरानीपुर में पी0पी0पी0 मोड पर अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध है। जनपद जालौन में 08 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है, जिसके सापेक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जालौन व कोंच में पी0पी0पी0 मोड पर अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध है। जनपद ललितपुर में 05 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है एवं किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था नहीं है।<br>इसी वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर गर्भवती महिलाओं को निजी अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों द्वारा जांच की सुविधा की योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत प्रारम्भ की गयी है। |
| (ख) | उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री